**परिक्षेत्रीय कार्यालय,**
**परिक्षेत्र बस्ती**

**प्रेस नोट**
**दिनांक – 09-10-2025**

- **डीआईजी बस्ती द्वारा पुलिस कार्यालय जनपद संतकबीरनगर के विभिन्न शाखाओं का किया गया औचक निरीक्षण।**
- **संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश।**

आज दिनांक 09.10.2025 को पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती, परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर श्री संदीप कुमार मीना की उपस्थिति में पुलिस कार्यालय जनपद संतकबीरनगर के विभिन्न शाखाओं —पेशी श्रेष्ठ, विशेष जांच प्रकोष्ठ, जन शिकायत सेल, डीसीआरबी, अपर पुलिस अधीक्षक पेशी, आईजीआरएस सेल, सीसीटीएनएस, वीआईपी सेल, आंकिक शाखा, प्रधान लिपिक कार्यालय, महिला प्रकोष्ठ सेल, पासपोर्ट सेल, अपराध शाखा, मॉनिटरिंग सेल, समन सेल आदि का औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान डीआईजी बस्ती द्वारा अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव व प्रविष्टियां अद्यावधिक रखने, लंबित प्रकरणों के समयबद्ध निस्तारण, शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण समाधान तथा शाखा-वार कार्यप्रणाली में पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

डीआईजी बस्ती द्वारा IGRS पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों का गुणवत्तापूर्वक निस्तारण मे वर्ष-2025 में माह जून, जुलाई ,अगस्त व सितंबर की मासिक रैकिंग में जनपद को प्रथम स्थान प्राप्त होने पर नकद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देने हेतु निर्देश किया गया।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद श्री अजय सिंह, प्रतिसार निरीक्षक श्री रामबली यादव, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद श्री पंकज कुमार पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**मीडिया सेल**
**परिक्षेत्र बस्ती**